# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र

## 2024

## कक्षा—12

## गृह विज्ञान (सैद्धान्तिक)

समय— 3 घण्टे | अंक— 70

निर्देश— **(i)** इस प्रश्नपत्र में कुल 24 प्रश्न है। सभी प्रश्न अनिवार्य है।

**(ii)** प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दर्शाए गये है।

**(iii)** प्रथम प्रश्न से प्रारम्भ कीजिए और अन्त तक करते जाइये। जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट मत कीजिए।

1—(क) ''विकास का अर्थ परिवर्तन की उस उन्नितिशील श्रंखला से है जो परिपक्वता के एक निश्चित लक्ष्य की ओर अग्रसर होती है।'', यह किसका कथन है? 1

(i) हरलॉक (ii) जेम्स डेवर

(iii) मुनरो (iv) इंगलिश

(ख) आकार में होने वाले परिवर्तन को कहते है— 1

(i)विकास (ii) वृद्धि

(iii) परिपक्वता (iv) उपरोक्त में से कोई नही

(ग) प्रोटीन की कमी से कौन—सा रोग होता है— 1

(i) पैलेग्रा (ii ) ओबेसिटी

(iii) सूखा रोग (iv ) उपरोक्त में से कोई नही

(घ) विटामिन (ई) की कमी से क्या होता है— 1

(i)प्रजनन क्षमता का घट जाना (ii ) रतौंधी

(iii)रक्त के थक्के जमने की क्षमता का ह्मस (iv ) उपरोक्त में से कोई नही

(ङ) बचत का मुख्य प्रयोजन— 1

(i) मनोरंजन के लिए (ii ) आवश्यकता से कम खर्च करने के लिए

(iii) आकस्मिक व्यय के लिए (iv ) उपरोक्त में से कोई नही

(च) एप्रन बनाने के लिए उपयुक्त कपड़ा कौन—सा होता है— 1

Downloaded from cclchapter.com

(i) फलालेन (ii) टेरीपैंट

(iii) पोलिएस्टर (iv) उपरोक्त में से कोई नही

(छ) विभिन्न प्रकार की सुविधाओं से प्राप्त होने वाली आय है– 1

( i) प्रत्यक्ष आय ( ii )अप्रत्यक्ष आय

(iii) मौद्रिक आय ( iv) वास्तविक आय

(ज) विकास के प्रमुख रूप हैं– 1

( i) शारीरिक विकास ( ii) नैतिक विकास

(iii) संवेगात्मक विकास ( iv ) उपरोक्त में से कोई नही

**नोट–निम्न प्रश्नों में दो कथनों को अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप मे चिन्हित किया गया है। अपने उत्तर नीचे दिए गये कोड के अनुसार अंकित करें–**

(a) A तथा R दानों सत्य है तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

(b) A तथा R दोनों सत्य है लेकिन R, A की सही व्याख्या नही करता है।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d) A तथा R दोनो असत्य है।

(झ) कथन A– परिधान में कढ़ाई, सोचिन व एपलाक संरचनात्मक डिजायन बनाते हैं

कारण R– संरचनात्मक डिजायन परिधान की सतह संवर्धन है। 1

(ञ )कथन A– हरी पत्तेदार सब्जियों का हरा रंग बनाए रखने के लिए उन्हें खुले बर्तन में पकाना चाहिए।

कारण R– इनमें उपस्थित लोहे और सल्फर में प्रतिक्रिया होने से फैरस सल्फाइड बनने के कारण गहरा हरा रंग बन जाता है। 1

2. विकास की प्रक्रिया की एक उपयुक्त परिभाषा लिखिए। 1

3. ICMR का पूर्ण नाम लिखिए। 1

4. रेखांकित चैक किसे कहते है? 1

5. एप्रन शब्द की उत्पत्ति किस भाषा से हुई है? 1

6. आहार के पोषक तत्वों का उल्लेख कीजिए। 2

7. विटामिनों की कमी से होने वाली हानियॉ लिखिए। 2

8. बचत एवं संचय में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 2

9. पारिवारिक बचत के विनियोग के चार साधनों का उल्लेख कीजिए। 2

10.गृह विज्ञान में विषय–सूची के अतिरिक्त अन्य किसका अध्ययन हम कर सकते है? 2

11.विकास एवं वृद्धि में चार अन्तर बताइए। 3

12.शैशवस्था में भाषागत विकास को संक्षेप में लिखिए। 3

13.विकास के विभिन्न रूपों का वर्णन कीजिए। 3

Downloaded from cclchapter.com

14.कार्बोहाइड्रेटस के प्रकारों का वर्णन कीजिए। 3

15.खनिज लवण के शरीर निर्माण सम्बंधी कार्य बताइए। 3

16.पारिवारिक आया के प्रकार बताइए। 3

17.चेक के प्रकार बताइए। 3

18.एप्रन की सिलाई की प्रक्रिया ड्राफ्टिंग सहित बताइए। 3

19.एप्रन बनाते समय ध्यान रखने योग्य बातें बताइए। 3

20.एप्रन में दबाव व मोड़ कितना रखा जाता है? 3

21.शारीरिक विकास से क्या आशय है? शैशवस्था में होने वाले शारीरिक विकास का विवरण प्रस्तुत कीजिए। 4

22. पारिवारिक बचत से आप क्या समझती है? पारिवारिक बचत की आवश्यकता एवं महत्व का उल्लेख कीजिए। 4

23. 1 मीटर एप्रन की सिलाई प्रक्रिया का विस्तारपूर्वक वर्णन ड्राफ्टिंग सहित करे। 4

24. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

ICMR की सिफारिश है कि बाल्यावस्था में बच्चे को प्रतिदिन 1500 से 3000 कैलोरी ऊर्जा की आवश्यकता होती है। अतः इस काल में बच्चे को प्रतिदिन 30 से 50 ग्राम प्रोटीन की आवश्यकता होती है। इसके अतिरिक्त 0.5 ग्राम कैल्सियम तथा 15–20 मिग्रा लोहा भी आहार में सम्मिलित होना चाहिए। बाल्यावस्था में प्रतिदिन के आहर में विभिन्न विटामिन की मात्रा भी पहले से अधिक होती है।

(i) विकास क्रम के किस आयुकाल को बाल्यावस्था कहते हैं? 1

(ii) ऊर्जा को मापने की इकाई लिखिए? 1

(iii) बाल्यावस्था में आयरन की पर्याप्त मात्रा के लिए भोजन में किन भोज्य पदार्थों को मुख्यतः सम्मिलित किया जाना चाहिए? 1

(iv) कैल्सियम का हमारे शरीर में क्या कार्य है? 1

Downloaded from cclchapter.com